an>

Title : Need for widening the railway underpass in Malajgiri in Telangana.

श्री चामाकुरा मल्ला रेड्डी (मलकाजगिरी) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मलकाजगिरी में बहुत सारे रेलवे अंडर ग्राउंड ब्रिजेज पुराने और कमजोर हो गए हैं। मलकाजगिरी रेलवे स्टेशन से सफिलगुडा रेलवे स्टेशन तक डेढ़ किलोमीटर की दूरी है और चार लाख की जनसंख्या है। वहां दो रेलवे क्रासिंग गेट्स हैं। यहां से स्कूली बच्चे, जूनियर कालेज के बच्चे और रेलवे कर्मचारी निकलते हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम हो जाता है। यहां आधे-एक घंटे में ट्रेन आती-जाती रहती है।

मेरा आपके माध्यम से रेलवे मंत्री जी से निवेदन है कि इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने में हमारी मदद करें। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि नई एमएमटीसी की रेल लाइन बन रही है। उस जगह पर पांच हजार लोग, जो कि पच्चीस सालों से वहां रह रहे हैं, उन्हें निकाला जा रहा है। अगर उन्हें दूसरी जगह घर दे कर वहां से हटा कर नई रेल लाइन बनाई जाए, तो बहुत अच्छी बात होगी।